कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

क्रमांक–शिविरा/मा/माध्य/ SIQE/80824/विविध /2019/106 दिनांक :–27.11.2019

समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं,
पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा।

विषयः– एसआईक्यूई (CCE) कार्यक्रम की प्रगति को शाला दर्पण पोर्टल पर अपलोड करने बाबत

प्रसंग :– अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक–प्रथम राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर के पत्रांक रा.स्कू.शिप./जय//2019–20/7771 दिनांक :–22.11.2019

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के क्रम में लेख है कि एसआईक्यूई कार्यक्रम की प्रगति में पारदर्शिता लाने के प्रयासों के अन्तर्गत कक्षा 1–5 में अध्ययनरत विद्यार्थियों की उपलब्धि को सत्र पर्यन्त तीन बार योगात्मक आकलन के द्वारा पोर्टल पर प्रविष्टि की जानी है। एसआईक्यूई के अन्तर्गत माह सितम्बर 2019 तक प्रथम योगात्मक आकलन पूर्ण किया जा चुका है। विद्यार्थी द्वारा प्राप्त किये गये ग्रेड को समस्त विद्यालयों को स्वयं के स्कूल लॉगिन द्वारा शाला दर्पण पोर्टल पर संचालित एसआईक्यूई टैब पर "**एसआईक्यूई (SAs) प्रविष्टि एवं रिपोर्ट कार्ड**" मॉड्यूल में कक्षा 1–5 में अध्ययनरत विद्यार्थियों का योगात्मक आकलन प्रथम (**SA-1**) की प्रविष्टि आरम्भ कर दी गई है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आपके अधीनस्थ CBEO व PEEO को इस सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश जारी कर उक्त कार्य को दिनांक 10.12.2019 तक आवश्यक रूप से पूर्ण करवाया जाना सुनिश्चित करावें।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
3. निजी सहायक, राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
4. निजी सहायक, निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा विभाग, बीकानेर।
5. निजी सहायक, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक–प्रथम, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
6. निदेशक, आरएससीईआरटी, उदयपुर।
7. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को प्रेषित कर लेख है कि अधीनस्थ विद्यालयों में उक्त को समय पर पूर्ण करवाना सुनिश्चित करावें।
8. समस्त संस्था प्रधान/पीईईओ को प्रेषित कर लेखें है कि अपने विद्यालय व अधीनस्थ विद्यालयों मे उक्त को समय पर पूर्ण करवाया जाना सुनिश्चित करें।
9. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने एवं शाला दर्पण पोर्टल पर अपलोड करने हेतु।
10. कार्यालय प्रति।

नोडल अधिकारी (SIQE)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर